आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.01.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित किया। कहा एन सी सी भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है ।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में वेव्स बाज़ार, वाह उस्ताद चैलेंज और वेव्स अवॉड्र्स का शुभारंभ किया।
- अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से खींची गई तस्वीरों में महाकुम्भ मेले का अद्‌भुत नजारा दिखाई दिया ।
- मायाबंदर शैक्षिक अंचल क्षेत्र में आज से बालवाटिका शिक्षकों के लिए दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित किया। इस संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह पचहत्तर वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया, उसी तरह एन सी सी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया। नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेटों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी गई। रैली में अट्‌ठारह पड़ोसी देशों के एक सौ चवालीस युवा कैडेटों ने भी भागीदारी की। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध छः सौ पचास से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल हुए।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहली फरवरी को वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आगामी बजट में घरेलू तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं और राजकोषीय रणनीतियों की झलक देखने को मिलेगी। बजट में मजबूत बुनियादी ढांचे और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर जोर देते हुए आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और राजकोषीय नियंत्रण पर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज नई दिल्ली में वेव्स बाज़ार, वाह उस्ताद चैलेंज और वेव्स अवॉड्र्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा कि भारत अपनी विरासत, समृद्ध संस्कृति और कहानी कहने की कला के कारण विश्व मंच पर बहुत महत्व प्राप्त कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जल्द ही रचनात्मक अर्थव्यवस्था की राजधानी बन जाएगा। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत, कहानीकारों की भूमि है और आज शुरू की गई ये पहल, भारत की बौद्धिक शक्ति को दुनिया के बाकी हिस्सों तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत को अब पूरी दुनिया में मान्यता मिल रही है, चाहे वह योग हो या आयुर्वेद। उन्होंने कहा कि भारत, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और रक्षा, तीनों क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। संस्कृति मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति ही देश की असली शक्ति है। उन्होंने विश्वास जताया कि वेव्स इसका लाभ उठाने में

सक्षम होगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स बाज़ार एक परिवर्तनकारी पहल है, जो मीडिया से संबंधित सामग्री के खरीदारों और विक्रेताओं को एक साथ लाएगी। उन्होंने कहा कि यह गतिशील मंच भौगोलिक सीमाओं को जोड़ने का काम कर रहा है और सभी रचनाकारों को अपनी कृतियां पेश करने की सुविधा देगा। वेव्स पुरस्कारों के लिए नामांकन पन्द्रह फरवरी से शुरू होंगे।

<><><><><><>

विश्व के सबसे बड़े धार्मिक और मानवीय आयोजन महाकुम्भ मेला को सिर्फ जमीन से ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष से भी कैप्चर किया जा रहा है। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर ने रविवार रात को अंतरिक्ष से महाकुम्भ की आश्चर्यचकित कर देने वाली तस्वीरें कैद की हैं। इन तस्वीरों में महाकुंभ मेले का अद्‌भुत नजारा देखने को मिला। इंटरनेशनल स्पेस सेंटर के एस्ट्रोनॉट डॉन पेटिट ने इन तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर शेयर किया है। तस्वीरों में महाकुम्भ मेले की भव्य रौशनी और विशाल मानव भीड़ ने गंगा नदी के किनारे को अनोखे दृश्य में बदल दिया। अंतरिक्ष से ली गई यह तस्वीरें पृथ्वी पर इस धार्मिक आयोजन की विशालता को दर्शा रही हैं।

<><><><><><>

मायाबंदर शैक्षिक अंचल क्षेत्र में आज से बालवाटिका शिक्षकों के लिए दो दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्‌घाटन उप शिक्षा अधिकारी प्रकाश हवलादार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों के भविष्य को आकार देने में बालवाटिका के महत्व पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम बालवाटिका शिक्षकों को प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्यकम में मायाबंदर शैक्षिक अंचल क्षेत्र के बालवाटिका शिक्षकों के लिए तैयार की गई इंटरैक्टिव कार्यशालाएँ, चर्चाएँ और व्यावहारिक गतिविधियाँ शामिल हैं। प्रशिक्षण में कुल चालीस बालवाटिका शिक्षक भाग ले रहे है।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र में प्रवेश के लिए पुनः पंजीकरण की शुरुआत हो गई है। पंजीकरण की अंतिम तिथि इक्कतीस जनवरी है। सभी पात्र विद्यार्थियों को इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करने को कहा गया है। इसके अलावा इग्नू में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य में मास्टर्स, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ आर्ट्स –शिक्षा, वेस्ट मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा और ट्राइबल स्टडीज में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में भारी वाहन चालक की नियुक्ति की जाएगी। उम्मीदवारों की अंतिम, चयनित और प्रतीक्षा सूची प्रशासन के भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय में अफ्लोट अनुभाग के जहाजों के लिए अनुबंध के आधार पर मास्टर होम ट्रेड के दो पदों पर नियुक्ति की जाएगी। सामान्य उम्मीदवार की आयु अट्ठावन वर्ष और सेवानिवृत्त उम्मीदवार की आयु बासठ वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रतिमाह ढाई लाख रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन कार्यालय अधीक्षक–अफ्लोट को व्यक्तिगत रूप से या निदेशालय के सहायक निदेशक को डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन बारह फरवरी तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े चार बजे के बीच सभी कार्य दिवसों में जमा किया जा सकता है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के गाराचरमा में ट्रांसफार्मर को बदलने के कार्य के चलते कल बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। न्यू बिम्बलीटान, गाराचरमा, कार्बाइन्स कोव, बिडनाबाद के कुछ क्षेत्रों में कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर ढाई बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। इससे संबंधित समस्या होने पर उपभोक्ता विद्युत विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800 345 1111 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के मज़ार पहाड़, शी–शोर रोड के श्री श्री शिव मंदिर में कल से तीस जनवरी तक कुंभ–अभिषेकम का आयोजन किया जाएगा। कल सुबह सात बजे से अय्यनार मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। उनतीस तारीख को सुबह आठ बजे से कुंभ स्थापना और तीस तारीख को दिन में ग्यारह बजे से कुंभाभिषेक किया जाएगा। अन्नदानम की भी व्यवस्था की गई है।

<><><><><><>